<u>प्रकाशनार्थ</u>

आनन्द इंजीनियरिंग कालेज द्वारा प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन

आगरा : शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के आगरा स्थित आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टैक्नीकल कैम्पस के इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्रों द्वारा *'स्वच्छ भारत'* अभियान के तहत प्रस्तुत किये गये विभिन्न प्रोजेक्टों में से *'इंटरनेट ऑफ थिंग्स बेस्ड गारबेज मॉनिटरिंग सिस्टम'* प्रोजेक्ट को सराहा गया। इसके अलावा वायलेस मॉनिटरिंग सिस्टम, हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम, हीट फ्लक्स मीटर आदि प्रोजेक्टों को छात्र–छात्राओं द्वारा इंडस्ट्री में कैसे उपयोगी हों इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया। छात्रों ने इंडस्ट्री में उपयोगी आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखते हुये अपने प्रोजेक्टों में तकनीकी का उपयोग किया।

इस मौके पर कालेज निदेशक डा0 अनिल किशोर सक्सेना ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से छात्रों के सर्वांगिण विकास के साथ–साथ इंडस्ट्री में प्रयोग होने वाली तकनीकी को समझने में सहायक होती हैं।

इस प्रदर्शनी का आयोजन इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन विभाग के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर रवि सिंह एवं राजकुमार ठेनुआ ने किया।

विभागाध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने छात्रों को प्रर्दशनी में भाग लेने के लिए प्रेरित किया एवं बधाई दी।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप महता ने प्रोजेक्ट प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए बधाई दी।